# हर साल एक पायदान आगे बढ़ रहा आईआईटी इंदौर

इंदौर। मानव संसाधन विकास मंत्रलाय के अंतर्गत कार्यरत नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) ने देश के शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग जारी की है। इसमें आईआईटी इंदौर ने साल-दर-साल अपनी रैंक में सुधार करते हुए 13 वीं रैंक हासिल की।

आईआईटी इंदौर ने सितंबर 2015 में जारी एनआईआर रैंकिंग में टॉप 15 टीचिंग एंड रिसर्च इंस्टिट्यूशंस में जगह बनाई थी। इस वर्ष संस्थान ने इंजीनियरिंग कैटेगरी में 13 वीं रैंक हासिल की है। वर्ष 2016 में संस्थान की 16वीं, 2017 में 15वीं, 2018 में 14वीं और इस वर्ष 13 वीं रैंक है। इस तरह आईआईटी इंदौर हर साल एक पायदान आगे बढ़ रहा है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई उक्त सूची में ए सितारा देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ऊपर आया है। पिछले साल पिछड़ने वाला यूनिवर्सिटी इस बार 101-150 वें बैंड (प्रदेश का एकमात्र यूनिवर्सिटी) पर है। यही स्थिति 2017 में भी थी। ऐसे ही यूनिवर्सिटी का फार्मेसी विभाग 55 वें क्रम पर है जबकि पहले 45 पर था।

इसके अलावा आईआईएम इंदौर ने पिछले साल 11 से लेकर इस बार 5वीं रैंक हासिल की है। कुल नौ वर्गों में देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग जारी की गई है। इसमें यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग, कॉलेज, मैनेजमेंट, फार्मेसी, लॉ, आर्किटेक्चर और मेडिकल वर्ग है। एक वर्ग ओवरऑल का है, जिसमें सभी तरह के संस्थान शामिल हैं।

**Raj Express (Indore), 10th April 2019, Page-13**